

# फंदे पर झूलते मिले प्रेमी युगल के शव

## देवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी







**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** देवगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक युवक-युवती के शव एक ही फंदे पर आम के पेड़ पर झूलते हुए मिले। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का होना सामने आया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार देवगढ़ क्षेत्र के ग्राम छत्तरपुरा से करीब 500 मीटर दूरी पर नहर किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों ने एक खेत में लगे आम के पेड़ में युवक-युवती के शवों को फंदे पर झूलते हुए देखा। ग्रामीणों ने तत्काल देवगढ़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शवों को फंदे से उतारा। मृत युवती की पहचान अंजली 19 पुत्री भूकी प्रजापति और मृत युवक की पहचान योगेश उर्फ धोनी शर्मा 21 पुत्र राजेन्द्र सिंह शर्मा निवासीगण छत्तरपुरा के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिए है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### परिजन के सोने के बाद देर रात को घर से निकले थे

जानकारी के अनुसार खुदकुशी करने वाले प्रेमी युगल योगेश और अंजली रविवार की देर रात को परिजन के सोने के बाद घर से निकले थे। सोमवार की सुबह जब वे अपने घरों में नहीं मिले, तब परिजन उनकी तलाश कर रहे थे।

### दोनों के बीच बीते 3 साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक योगेश और अंजली के बीच विगत 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस बात की खबर दोनों के परिवारीजनों को भी थी। संभवत: परिजन उनके प्रेम प्रसंग से नाखुश थे, जिसके चलते उन्होंने खुदकुशी का फैसला लिया।

# खुले गड्ढे में गिरने से तीन साल के मासूम बच्चे की मौत

## बामौर क्षेत्र के पत्तापुरा गांव में रविवार की रात को हुआ हादसा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** बानमौर क्षेत्र के पत्तापुरा गांव में शादी समारोह के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना बीती रात 9 से 10 बजे के बीच होना बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मृतक भावेश जाटव 03 पुत्र दिनेश जाटव निवासी दाऊजी नगर मुरैना को साथ लेकर उसकी मां पत्तापुरा गांव स्थित अपने मायके में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई थी। रविवार की रात को भावेश खेलते-खेलते घर के पास ही निर्माणाधीन मकान में पहुंच गया, जहां वो खुले पड़े गड्ढे में गिर गया। कुछ देर बाद जब परिजन को भावेश कहीं दिखाई नहीं दिया, तब उन्होंने तलाश शुरू की।

इसी दौरान भावेश गड्ढे में पड़ा हुआ मिला। गड्ढे से निकालकर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद बच्चे का परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है।



## बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**सबलगढ़, 4 मई ।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आज राममंदिर चौराहे पर पश्चिम बंगाल ओर असम पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फ़टाके फोड़कर मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल ने कहा कि यह भाजपा की ऐतिहासिक जीत है पश्चिम बंगाल में अराजकता के शासन को समाप्त कर एक नई डबल इंजन की सरकार बनेगी जो राष्ट्र हित ओर पश्चिम बंगाल के आम जनता के लिए एक नया अध्याय लिखेगी। इस अवसर पर राजेंद्र मरैया भीमसेन रावत नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल भगवती सोनी राजेश गौड़ दर्शन सोनी मिलिंद वर्मा धर्म सिंह जादौन सुमित्रा रावत नितिन वर्मा ओमप्रकाश मंगल संतोष सोनी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस का बानमोर में हल्ला बोल 7 को, हाईवे करेगी जाम

### आंदोलन की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** गेहूं खरीदी में अव्यवस्थाओं और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस 7 मई को बानमोर में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एनएच-44 हाईवे पर चक्काजाम किया जाएगा। आंदोलन और चक्काजाम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय गांधी बाल निकेतन में हुई।

इस बैठक में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मप्र में गेहूं खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। किसान परेशान हैं, सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 7 मई को 11 जिलों में 747 किलोमीटर क्षेत्र में हाईवे पर एक साथ चक्काजाम किया जाएगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि रामकिंकर गुर्जर ने कहा कि किसानों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। कांग्रेस को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि पार्टी नेतृत्व जो जिम्मेदारी देगा, उसे पूरी ताकत से निभाया जाएगा। पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्र, सत्यपाल सिंह सिकरवार, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया ने भी भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया।

### बामौर थाना के सामने होगा मुख्य प्रदर्शन, चक्का जाम

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने बताया कि मुरैना जिले में आंदोलन का मुख्य केंद्र एनएच-44 पर बामौर थाने के सामने रहेगा। आंदोलन के लिए ब्लॉक अध्यक्ष, विधायकों और संगठन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** विधायक दिनेश गुर्जर, गजेन्द्र जाटव, दीपक शर्मा, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गांधी, लोकेन्द्र यादव, जितेन्द्र डंगस, प्रदीप रजक, हरीसिंह सिकरवार, सत्यपाल कुशवाह, विनोद शर्मा, रामू तोमर, आसिफ कुरेशी, धर्मेन्द्र सिकरवार, प्रमोद परमार, रामनिवास कुशवाह सहित ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्तागण बैठक में उपस्थित थे।

## हरपाल मांझी अध्यक्ष और रामनरेश कोषाध्यक्ष चुने

**महामाया मंदिर न्यास समिति की निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मुरैना की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी राज प्रताप दंडोतिया एडवोकेट की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 3 मई 2026 को हुई चुनाव प्रक्रिया में सचिव पद पर पातीराम मांझी तथा अंकेक्षक पद पर विष्णु कुमार बाथम विजयी रहे। अध्यक्ष पद पर हरपाल मांझी एवं कोषाध्यक्ष पद पर रामनरेश कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 4 मई को हुआ।

समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं एवं समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

# एटीएम फ्रॉड : पोरसा में दो ग्राहकों के कार्ड चेंज कर 37 हजार निकाले

## 30 अप्रैल को एक ही दिन में हुई दोनों वारदातें, पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 4 मई ।** कस्बा पोरसा में एटीएम बूथ अब ठगों के लिए आसान शिकारगाह बनते जा रहे हैं। विगत 30 अप्रैल को शहर में दो अलग-अलग एटीएम फ्रॉड की घटनाएं घटित हुईं। ठगों ने मदद के बहाने ग्राहकों के एटीएम कार्ड बदलकर दो ग्राहकों के बैंक खातों से कुल 37 हजार पांच सौ रूपये निकाल लिए। पीड़ित बैंक ग्राहकों ने पोरसा पुलिस को लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस घटनाओं की जांच कर रही है।

**पहली घटना: अटेर रोड तिराहा बूथ पर हुई, 15 हजार निकाले**

तहसील पोरसा के ग्राम मने का पुरा निवासी सुनील कुशवाह पुत्र रमेश कुशवाह 30 अप्रैल की सुबह 8.45 बजे कस्बा पोरसा में अटेर रोड तिराहा स्थित इण्डिया-01 एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचें थे। यहां उनके पीछे खड़े युवक ने चालाकी कर सुनील का एटीएम कार्ड चेंज कर दिया। इस कार्ड से कुछ ही देर बाद दो बार में सुनील के बैंक खाते से कुल 15 हजार रूपये की राशि निकाल ली गई।

**दूसरी घटना:-रिटायर्ड जेल कर्मचारी से 22 हजार 500 ठगे**

30 अप्रैल को पहली घटना शाम 5 से 6 बजे के बीच पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित एटीएम बूथ पर हुई। रिटायर्ड जेल पुलिस कर्मचारी भगवती प्रसाद शर्मा पैसे निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान दो युवक उनके पास आए और मदद करने के नाम पर उन्हें बातों में उलझा लिया। मौका मिलते ही ठगों ने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। बाद में उनके खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 22 हजार 500 रुपए निकाल लिए। मोबाइल फोन पर मैसेज आने पर भगवती प्रसाद को ठगी होने का पता चला।




## नेशनल लोक अदालत 9 को, प्रचार वाहन रवाना

**मुरैना, 4 मई ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नईदिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को जिले में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जिला न्यायालय मुरैना सहित अंबाह, जौरा और सबलगढ़ तहसील विधिक सेवा समितियों में होगा। नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को संगीता मदानए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अभिभाषक संघ अध्यक्ष हरी सिंह सिकरवार, अधिवक्ता एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में इन मामलों का होगा निराकरण

दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी मामले, विद्युत प्रकरण, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, प्रीलिटिगेशन प्रकरण सभी मामलों का निराकरण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर किया जाएगा।

# माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : डॉ. शास्त्री

## कौंथरकलां में भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 4 मई ।** पोरसा क्षेत्र के ग्राम कौंथरकलां स्थित पूठा वाली माता मंदिर में चल रही भागवत कथा के दूसेर दिन कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। कथा का आयोजन देवेन्द्र सिंह तोमर के संयोजन में हो रहा है। जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक डॉ. सुरेश शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं का कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन डॉ. शास्त्री ने राजा परीक्षित को श्राप मिलने, शुकदेव आगमन की कथाओं का भी वर्णन किया।

### भगवान और माता-पिता की सेवा कभी निष्फल नहीं जाती

सोमवार को कथाचार्य डॉ. शास्त्री ने कहा कि भगवान की भक्ति और माता-पिता की सेवा जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि



जो व्यक्ति अपने माता-पिता को भगवान का स्वरूप मानकर सेवा करता है, उसका वर्तमान और आने वाला जीवन दोनों सुखमय हो जाते हैं।

**कथाचार्य ने नारद-व्यास संवाद का सुनाया महत्व :** कथावाचक डॉ. शास्त्री ने नारद और वेद व्यास संवाद का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वेदों और पुराणों की रचना के बाद भी जब वेद व्यास को आत्मिक शांति नहीं मिली, तब महर्षि नारद ने उन्हें भगवान की लीलाओं का वर्णन करने की प्रेरणा दी। इसी प्रेरणा से श्रीमद भागवत महापुराण की रचना हुई।

### भीष्म स्तुति प्रसंग के माध्यम से दिया ईश्वर स्मरण का संदेश

डॉ. शास्त्री ने महाभारत के भीष्म स्तुति प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि शरशैया पर लेटे भीष्म पितामह ने अंतिम समय में भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करते हुए स्तुति की थी। उन्होंने कहा कि जीवन का अंतिम लक्ष्य ईश्वर का स्मरण होना चाहिए, अंतिम समय में मन भगवान में लग जाए तो मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

## कमिश्नर ने मुरैना-भिंड में खरीद केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** चंबल संभाग के कमिश्नर सुरेश कुमार ने सोमवार को संभाग अंतर्गत भिंड एवं मुरैना जिलों के विभिन्न गेहूं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी केन्द्रों पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप खरीदी, तौल एवं अन्य प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खरीदी केन्द्रों पर छाया, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। भिंड जिले के मेहगांव अनुभाग अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था कचनावकलां द्वारा दौनियापुरा स्थित बहुउद्देश्यीय कृषि सेवा केन्द्र परिसर में संचालित गेहूं खरीदी केन्द्र, सेवा सहकारी संस्था दौनियापुरा द्वारा बांके विहारी वेयर हाउस में संचालित केन्द्र तथा सहकारी समिति अकलोनी के खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने तौल एवं अन्य व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। केन्द्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई तथा सर्वेयर द्वारा गुणवत्ता परीक्षण के उपरांत उचित गुणवत्ता का गेहूं उपार्जन किया जा रहा था। कमिश्नर ने मुरैना जिले की अंबाह तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रिठौना द्वारा रामकृष्ण वेयरहाउस में संचालित गेहूं खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।





## सवर्ण समाज ने कहा सामाजिक टकराव की आशंका, दिया ज्ञापन

### एसडीओपी अंबाह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 4 मई ।** सामाजिक टकराव की आशंका को लेकर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को एसडीअ2ोपी रवि भदौरिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भीम आर्मी से जुड़े कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ लोग राजनीतिक उद्देश्य से जातिगत तनाव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

ज्ञापन के अनुसार सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों के माध्यम से भड़काऊ बयान दिए जा रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। सवर्ण समाज ने आरोप लगाया कि दोहरी रोड स्थित अंबेडकर पार्क के पास गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापित करने का प्रयास किया गया था, जिसे प्रशासन ने कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के चलते रुकवाया था। इसके बाद कथित रूप से मंचों से प्रशासन और सवर्ण समाज को लेकर विवादित बयान दिए गए। ज्ञापन में 30 अप्रैल को बुद्ध जयंती पर नाबालिगों के साथ मारपीट और थाने का घेराव कर झूठा मामला दर्ज कराने के आरोप लगाते हुए केस वापस लिए जाने की मांग की है। सवर्ण समाज ने प्रशासन से भड़काऊ वीडियो प्रसारित करने वालों और सामाजिक तनाव फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा कैलारस मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित

**मुरैना/कैलारस, 4 मई ।** भाजपा के कैलारस मंडल की कामकाजी बैठक सोमवार को स्थानीय दीप वाटिका में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष शारदा मित्तल, जिला मंत्री मनोज सिंह सिकरवार एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। संचालन कोमल शुक्ला ने किया।






# संगठन विस्तार को लेकर आप का सम्मेलन आयोजित

## प्रदेश प्रभारी ने पदाधिकारियों से किया संवाद, दो माह में संगठन खड़ा करने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार को लेकर रविवार को संभागस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन जीवाजीगंज स्थित गर्ग सेवा सदन में हुआ। सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर मुख्य रूप से उपस्थित थे। सह प्रभारी अखिलेशपति त्रिपाठी, जलज चौधरी, रविन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने पदाधिकारियों से वन-टू-वन संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान किया। सम्मेलन में चंबल संभाग के नवनियुक्त प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कर्नल उमेश वर्मा ने की। प्रदेश प्रभारी ने आगामी दो माह में संभाग की सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में कर्नल उमेश वर्मा ने अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**सम्मेलन में इनकी रही मौजूदगी :** प्रदेश संगठन मंत्री साकेत सक्सैना, रामकुमार राजावत, कुलदीप तोमर, विवेक शर्मा, सत्यवीर थापक, श्रीकृष्ण कुशवाह सहित भिंड, दतिया और श्योपुर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने खरीद केन्द्रों पर देखी तौल-भंडारण व्यवस्थाएं

### किसानों से किया संवाद, जैतपुर केन्द्र पर पुलिस तैनात करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने सोमवार को लोकेश कुमार जांगिड़ ने पिपरसेवा, रिठौराकलां और जैतपुर स्थित उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर खरीदी प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने केंद्रों पर तौल व्यवस्था, भंडारण प्रबंधन और किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान



एसडीएम बीएस कुशवाह, जिला संयोजक सौरभ राठौर, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जैतपुर खरीद केन्द्र पर पुलिस बल तैनात करने के निर्देश

जैतपुर स्थित खरीदी केंद्र पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए एसडीएम को पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।



## नियुक्ति तिथि, वेतन विसंगित से नाराज शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 मई ।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नियुक्ति तिथि में विसंगति, तबादला नीति, वेतन संबंधी समस्याएं, अतिशेष शिक्षकों की बाध्यता और संविलियन जैसे मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

### संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन, डीईओ को सौंपा मांग पत्र

संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉ. विजय सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों को विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा ने मांग की कि टीईटी परीक्षा की मान्यता संबंधी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय तक कोई कार्रवाई न की जाए।

नियुक्ति तिथि को पोर्टल पर सही तरीके से दर्ज करें और वरिष्ठता संबंधी त्रुटियों में सुधार, अतिशेष शिक्षकों पर अनिवार्य तबादले का दबाव समाप्त करने, दिव्यांग शिक्षकों को राहत, संविलियन प्रक्रिया सरल बनाने, ऑनलाइन व पारदर्शी तबादला नीति लागू करने की मांगें शिक्षकों ने की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।